हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024



11 खोलझर में धान खरीदी केंद्र खुलवाने की मांग....



12 विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की दी गई जानकारी






## खबर संक्षेप

### मोहर्रम 17 को, बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मोहर्रम के अवसर पर 17 जुलाई को जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बालोद एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा मद्य भण्डागार बालोद को पूर्णतः बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शासन के निर्देश बिंदु 16(16.1) के अंतर्गत जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता को 17 जुलाई (सम्पूर्ण दिवस) को बंद रखने के निर्देश दिए है। इस अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### गुरुर कॉलेज में प्रवेश के लिए द्वितीय चयन सूची जारी

**गुरूर।** स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में सत्र 2024–25 में प्रवेश के लिए द्वितीय चयन सूची जारी कर दी गई है। बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष, डीसीए, पीजीडीसीए, एमए प्रथम सेमेस्टर राजनीति एवं भूगोल की कक्षाओं में प्रवेश के लिए 15 जुलाई तक प्रवेश की तिथि निर्धारित की गई है। प्राचार्य प्रो. केएल. रावटे ने बताया कि प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी, 10वी, 12वी, टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र, माइग्रेशन, जाति, निवास, एंटी रैगिंग शपथ पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज की मूल एवं छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। प्रवेश प्रभारी के समक्ष निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर सूची स्वतः समाप्त हो जायेगी।

### एकलव्य महाविद्यालय की द्वितीय मेरिट सूची जारी

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विभिन्न संकायों में प्रवेश लेने के लिए 7 जुलाई तक ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की द्वितीय मेरिट सूची जारी की गई है। 8 जुलाई को जारी सूची महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा के साथ ही महाविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड भी कर दी गई हैं। प्राचार्य राजूलाल कोसरे ने बताया कि जिनका चयन द्वितीय मेरिट सूची में हुआ है वे छात्र-छात्राएं ऑनलाईन आवेदन की हार्डकापी के साथ समस्त मूल दस्तावेज एवं उनके छायाप्रतियों एवं निर्धारित शुल्क के साथ महाविद्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि 15 जुलाई तक प्रवेश ले लें। निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर मेरिट सूची स्वतः समाप्त हो जायेगी।

### कुत्ते को पीटकर फांसी पर लटकाया, वीडियो वायरल

**भिलाई।** कुत्ते को डंडे से पीटकर फांसी पर लटकाने का वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया है। घटना को अंजाम देने वाला एक दुकानदार है। उक्त दुकानदार ने कुत्ते को फंदे से उतार कर दफना भी दिया। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम निकुम निवासी भुवनेश्वर ने कुत्ते को मारकर फांसी पर लटका देने का वीडियो वायरल हुआ। भुवनेश्वर के पास पहुंचे उसने बताया कि वह कुत्ता पागल हो गया था।

# जिले के चार युवाओं ने एडवान्स बेस कैम्प रुलेडी लेग पर फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- पर्वतारोहण कार्यक्रम माउंट फ्रेंडशिप पीक एक्सीपीडशन में हुए शामिल

जिले के युवाओं ने इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित पर्वतारोहण कार्यक्रम माउंट फ्रेंडशिप पीक एक्सीपीडशन में जिले के ग्राम पंचायत ख़ामतराई से रूपेश साहू पिता हेमंत साहू, लोकेश साहू पिता खेमलाल, डुड़िया से यशवंत टण्डन पिता हूबलाल टण्डन व मुड़खुसरा से रेवेन्द्र साहू पिता यादो राम ने भाग लिया था। सभी ने एक ही दिन में 3900 मीटर की चढ़ाई कर एडवान्स बेस कैम्प रुलेडी लेग पर माँ भारती, छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ राष्ट्र ध्वज तिरंगा लहराया। इस एक्सिपीडशन में छत्तीसगढ़, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इसमें छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले से नीतेश अगरवाल, खैरागढ़ से दीपक वर्मा, बिलासपुर से विशाल यादव, ललित कुमार ने अपने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए एडवांस्ड बेस कैम्प तक सफ़लता पूर्वक चढ़ाई की। यह मिशन इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इफराहीम अहमद के दिशानिर्देश में पूरा किया गया, ट्रेक लीडर के रूप में रोहित झा, सचिन, पूजा, अनिल, प्रमेश विजयवार का योगदान रहा।

**व्यास कुंड ट्रेक भी किया पूरा:** माउंट फ्रेंडशिप पीक एडवांस ▸▸| शेष पेज 10 पर

## एक ही दिन में पूरी की 3900 मीटर की चढ़ाई

### फ्रेंडशिप पीक के आरोहण में खराब मौसम बनी बाधा

माउंट फ्रेंडशिप पीक हिमाचल प्रदेश में एक पर्वत शिखर है, जो पीर पंजाल रेंज के ब्यास कुंड क्षेत्र में स्थित है। यह समुद्र तल से 5287 मीटर (17353 फीट) की ऊंचाई पर स्थित पीर पंजाल और धौलाधार चोटियों के कठिन चढ़ाई और मनोरम –श्यों के लिए जाना जाता है। खराब मौसम, लगातार बारिश, चोटी (पीक) मे हो रहे लगातार स्नो फॉल के वजह से पूरे टीम पीक सबमिट नहीं कर पाया बेस कैम्प से ही पूरे टीम को वापस लौटना पड़ा।



### एक्सीपीडशन के लिए किया आर्थिक सहयोग

एक्सपीडिशन के लिए यशवंत टण्डन को प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष आरपी. भतपहरी, एवं कुंवर सिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही, बीरेंद्र देवांगन, डॉ रश्मि सिंह प्राचार्य शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा, प्रशांत गुप्ता गुरूकुल अकादमी, भोज साहू, डॉ लीना साहू जिला संगठन रासेयो, साथी रिश्तेदारों ने मदद किया।

## परेशानी

# सड़क दलदल में तब्दील, समस्या लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण

### कलेक्टर से की पक्की सड़क निर्माण करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के डौण्डी ब्लाक स्थित ग्राम पंचायत धोबेदण्ड के आश्रित ग्राम कुंजामटोला, आमापारा के ग्रामीण सड़क की मांग को लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे जहां जनदर्शन के माध्यम से सड़क के लिए कलेक्टर के समक्ष गुहार लगाई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भोयरटोला, कारूटोला, कुंजामटोला के ग्रामीणों के लिए अब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। इसके कारण ग्रामीण कच्ची सड़क के भरोसे आवागमन करने पर मजबूर हैं। बरसात के दिनो मे दल–दल और कीचड़ का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। ग्रामीण सुकारो बाई, सरिता, तोमेश्वरी, तिमांसी ने बताया कि कुंजाम टोला के ग्रामीणो को घर से बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ता है क्योकि घर के बाहर निकलते ही बरसात के दिनो मे कच्ची सड़क होने के कारण दलदल, कीचड़ का सामना करना पड़ता है और मोटर



सायकल या सायकल से आने जाने के लिए भी सोचना पड़ता है, क्योंकि सड़क पर गड्ढे व दलदल होने के कारण गाड़ियां अनियंत्रित होकर गिर जाती है, जिसके कारण हम ग्रामीण घरों से बाहर निकलने के लिए लोग कतराने लगे हैं।

परमेश्वरी ने बताया कि ग्राम भोयरटोला, कारूटोला, कुंजामटोला के ग्रामीणों को स्कूली शिक्षा के लिए ग्राम बिटाल जाना पड़ता है, जिसके कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को रोजाना आने जाने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क कीचड़ युक्त होने के कारण कई बार कपड़े खराब हो जाने के कारण या फिसलन के कारण गिर जाने के कारण बच्चों को स्कूल जाने से वंचित होना पड़ता है। इसलिए ग्रामीणों की मांग है कि ग्राम भोयरटोला, कारूटोला, कुंजामटोला से बिटाल तक लगभग 3 किलोमीटर पक्की सड़क का निर्माण किया जाए। जिससे ग्रामीणो और स्कूली बच्चों को आवागमन की सुविधा मिल सके।

# शिक्षक की मांग, ग्रामीणों ने स्कूल में लगा दिया ताला



हरिभूमि न्यू ▸▸| डौण्डीलोहारा

वनांचल ग्राम जुन्नापानी में विगत 4 वर्षों से शिक्षक नहीं होने से नाराज ग्रामीणों एवं पालकों ने सोमवार को स्कूल में तालाबंदी कर दी।

पालकों ने बताया कि जब तक प्राथमिक शाला जुन्नापानी में शिक्षक की पदस्थापना नहीं की जाएगी, तब तक स्कूल में तालाबंदी रहेगी। स्कूल में मात्र एक ही शिक्षक हैं। वे बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ कार्यालयीन कार्य भी करते हैं। इससे पढ़ाई प्रभावित होती है। स्थानीय विधायक, बीईओ लोहारा को स्कूल में शिक्षक की समस्या के समाधान के संबंध में पूर्व में कई बार अवगत कराया गया है। प्राथमिक स्कूल में लगभग 70 बच्चे हैं। अध्यक्ष चोवा राम बघेल, उपाध्यक्ष भागीरथी यादव, ओम प्रकाश यादव, भोलाराम, कुलदीप, आशाबाई यादव, पार्वती खांडेकर, गुलाबी बाई साहू, नेक कोर्राम, नोहर साहू, श्यामू अरकार एवं समस्त ग्रामवासी एवं पालकों ने स्कूल में तालाबंदी कर दी।

# पुल की रेलिंग से टकराई बाइक, युवक की मौत

- सोमवार रात लोहारा नाला पुल पर हुई दुर्घटना

**डौंडीलोहारा।** सोमवार की रात्रि लगभग साढ़े बारह बजे नगर के लोहारा नाला की रेलिंग से टकराने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मूलतः भिलाई निवासी गोविंद साव उम्र 41 वर्ष रात्रि में ढाबा से खाना खाकर वापस नगर की ओर अपने मोपेड से लौट रहा था। इस दौरान लोहारा नाला के पुल से लगी हुए लोहे की रेलिंग से टकरा गया। इससे उसके सिर व छाती में गंभीर चोट लगी। राहगीरों की सूचना पर संजीवनी 108 की टीम द्वारा उसे नगर के शासकीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया।

मृतक नगर में एक डेढ़ माह पूर्व ही आया था व नगर के देशी शराब दुकान के पास स्थित अहाता चखना दुकान चलाता था। विवेचना अधिकारी एएसआई धनेलिया ने बताया कि मृतक स्वयं गिरा या किसी वाहन की टक्कर से गिरा यह जांच का विषय है। प्रार्थी वार्ड बॉय किशोर सिन्हा की रिपोर्ट पर धारा 194 बी एन एस एस के तहत मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

# धारदार हथियार से किया हमला, दर्ज हुआ मामला

- पीड़ित ने बालोद थाने में दर्ज कराई शिकायत

**बालोद।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे व्यक्ति पर दूसरे युवक ने गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना के बाद घायल व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के बाद बालोद थाना में शिकायत की। कन्हई राम खरे ने बताया कि वह नेवारी खुर्द का रहने वाला है, वर्तमान में भिलाई में निवासरत है। 8 जुलाई को वह अपने गृह ग्राम में मोहन दास मानिकपुरी के घर शादी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। बजरंग चौक में कदम पेड़ के पास दोपहर करीबन 3 बजे वह अपने छोटे भाई ठाकुर राम खरे से बातचीत कर रहा था, उसी समय गांव का हरिओम खरे आया और दोनो के साथ गाली गलौज करने लगा, जिसे मना करने पर गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगा तथा अपने पास रखे औजार से हमला कर दिया जिससे मेरे बाएं हाथ की कोहनी एवं में पेट में बाएं तरफ मारकर चोट पहुंचाया जिससे खून निकला है।

पुलिस ने मामले में हथियार से मारपीट करने वाले हरिओम खरे के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# सड़कों पर मवेशियों का राज, राहगीर परेशान, आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

- जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे आम नागरिक

नगर की जनता और सड़क पर चलने वाले राहगीर लंबे समय से आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से परेशान हैं। यहां लगभग हर सड़क पर आवारा मवेशियों का साम्राज्य है। मुख्य मार्ग से लेकर बस स्टैंड, सब्जी मंडी, थाना चौक , पेट्रोल पंप सहित क्षेत्र में इन आवारा मवेशियों का जमावड़ा सर्वाधिक देखने को मिलता है। दल्लीराजहरा के सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से आए दिन दुर्घटना होने से लोग परेशान हैं।



ये मवेशी आए दिन आपस में भिड़ जाते हैं जिससे सड़क से निकलने वाले वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं लेकिन स्थानीय प्रशासन का इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। वहीं नगर पालिका द्वारा पशु वाहन लाया गया, परंतु नगर को अभी तक पशुओं के आतंक से निजात नहीं दिला पा रही है। पहले भी कई बार नगर परिषद द्वारा मुनादी कराई जा चुकी है। इसके बावजूद कार्रवाई के पता नहीं। आमजन की मानें तो कई बार नगर पालिका को शिकायत करने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### वाहन चालक होते हैं परेशान

मवेशियों का सबसे ज्यादा जमावड़ा सड़कों पर होता है। यहां पर लगभग पूरी सड़क पर मवेशी दिन भर खड़े रहते हैं तो कई मवेशी बीच सड़क पर ही बैठे रहते है। वाहन चालक हार्न भी बजाता है तब भी वे टस से मस नहीं होते। वाहन चालकों को नीचे उतरकर उन्हें सड़क किनारे करना पड़ता है, तभी वह आगे बढ़ते हैं। दिन हो या फिर रात यह मवेशी राहगीरों के लिए सबसे ज्यादा मुसीबत बने हुए हैं लेकिन प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान न दिए जाने से सब्जी व फल विक्रेता व राहगीरों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100



## शोक-संदेश

तस्मादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर।

असको ह्याचरन्कर्म परमाप्नोति पूरुषः।।



जन्म 18-12-1948

मोक्ष 30-06-2024

### स्व.श्रीमती पुष्पा देवी जैन (मित्तल)

आप प्रभु द्वारा बताए गए कर्तव्य पथ पर आसक्ति भाव से भलीभांति आचरण कर, कर्म करते हुए परमात्मा को प्राप्त हुए

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती पुष्पा देवी (मित्तल) का दिन रविवार दिनांक 30/6/2024 को सुबह 10 बजे निधन हो गया है जिनका अंतिम कार्यक्रम दिन बुधवार दिनांक 10/07/2024 को हमारे निज निवास अजय रेडियो & इलेक्ट्रॉनिक पुराना बाजार दल्लीराजहरा में रखा गया है।

**कार्यक्रम**

**शांति हवन :** सुबह 9 बजे, **शांति भोज :** दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक

**पगड़ी रस्म :** शाम 4 बजे

शोकाकुल :-
सुभाषचंद मित्तल,रमेश मित्तल, राजेन्द मित्तल,
मनोज मित्तल, दीपक मित्तल, प्रहलाद मित्तल,
विजय मित्तल एवं समस्त मित्तल परिवार
दल्लीराजहरा, जिला - बालोद (छ.ग.)

श्रद्धावनतः
फतेहचंद मित्तल (पति),प्रवीण मित्तल (पुत्र)
प्रमोद मित्तल (पुत्र), संदीप मित्तल (पुत्र)

नोट : जिन स्वजनों को शोक-पत्र न मिला हो, कृपया इसे स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप



### कब्रिस्तान में किया पौधारोपण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला रायपुर द्वारा सोमवार को नए बिरगांव कब्रिस्तान जमीन में पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल नासिर खान की अध्यक्षता में किया गया। पौधारोपण करने वालों में मोर्चा से प्रदेश प्रभारी डॉ. सलीम राज, प्रदेश महामंत्री मखमूर खान, जिला महामंत्री लकविंदर सिंह, जिला उपाधयक्ष मोबीन खान, जिला मंत्री मासूम अली, जिला मंत्री मोज्जम मेमन, पुरानी बस्ती मंडल अध्यक्ष आरिफ खान, भानपुरी मंडल अध्यक्ष अजहर नदीम, उजैर कुरैशी, प्रदेश के पदाधिकारी असगर अली, गुलाम गौस, इरशाद अली सहित मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सम्मान समारोह 14 को

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के ऐसे बच्चे, जो इस सत्र के 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उनका सम्मान किया जाएगा। ऐसे बच्चों के माता-पिता पदाधिकारियों के नंबर पर संपर्क कर निशुल्क रजिस्ट्रेशन तत्काल करा सकते हैं। यह जानकारी समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर एवं कार्यक्रम में उपस्थिति प्रदान कर बच्चों को प्रोत्साहित करें। रजिस्ट्रेशन के लिए 9827110021, 7049090502 इस नंबर में संपर्क कर सकते हैं।

### आपसी रंजिश के चलते मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा



उसके साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, डब्लूआरएस कालोनी निवासी अमन चौहान ने आकाश यादव, प्रकाश तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अमन ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते आकाश तथा उसके साथियों ने रास्ते में रोककर उससे मारपीट की।

### 11 को नहीं होगा जनदर्शन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरुवार 11 जुलाई को अपरिहार्य कारणों से नहीं होगा।

### भाठागांव की शराब दुकानें बंद करने की मांग

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड एवं भक्त माता कर्मा वार्ड में स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को लेकर क्षेत्र की जनता उद्वेलित है। भाठागांव बस्ती में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास और भक्त माता कर्मा वार्ड में वॉलफोर्ट सिटी के पास मुख्य मार्ग पर शराब दुकान के साथ चखना सेंटर खोले गए हैं।

## पेज 9 का शेष

### जिले के चार युवाओं ...

बेस कैम्प सबमिट करने के साथ ही व्यास कुंड ट्रेक ऊंचाई 3700 मीटर भी पूरा किया। व्यास कुंड पर पूजा अर्चना के साथ तिरंगा लहराया गया। ब्यास कुंड, जिसे एक पवित्र झील माना जाता है, कुल्लू घाटी में स्थित है और ब्यास नदी का मूल स्रोत है। ऐसा माना जाता है कि हनुमान टिब्बा और सात बहनों की गोद में 3700 मीटर की ऊंचाई पर बसी इस झील के जल में ऋषि व्यास नित्य स्नान किया करते थे। पर्वतारोहण के क्षेत्र में रूपेश साहू, लोकेश साहू, यशवंत टण्डन, वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर है, साथ ही चाइना पीक (8622 फीट), करकोटक ट्रेक (1290 मीटर), केदारकांठा ट्रेक (12500 फीट), जाखू टेंपल (9500 फीट), छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरतलाटा (1225 मीटर ) की सफलता पूर्वक चढ़ाई की है।

# पहले दिन असर कम, सीमांकन-नामांतरण सहित कई काम अटके, पर पुराने प्रकरणों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटवारियों की हड़ताल के पहले दिन से ही प्रदेशभर के जिलों में कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में कामकाज पर असर कम पड़ा। सीमांकन, नामांतरण, बटांकन, नक्शा सुधार से लेकर अन्य राजस्व संबंधी कई कामकाज प्रभावित जुरूर हुए, लेकिन कलेक्टोरेट व तहसील कार्यालयों में चल रहे पुराने प्रकरणों पर इसका असर कम देखा गया। पुराने कई प्रकरणों में पटवारियों का काम पूरा कर चुके हैं। इसके कारण सुनवाई में हड़ताल का असर ज्यादा नहीं पड़ा। हालांकि आगामी दिनों में भी हड़ताल जारी रहेगी तो इससे आम आदमी की दिक्कतें जरूर बढ़ेगी।

## पटवारी हड़ताल का पहला दिन होने के कारण इसका असर ज्यादा नहीं पड़ा

### कलेक्टोरेट में राजस्व संबंधी प्रकरणों पर भी कम असर

कलेक्टोरेट में भी हड़ताल का पहला दिन होने के कारण ज्यादा असर नहीं पड़ा। राजस्व संबंधी प्रकरणों की सुनवाई होते रही। अपर कलेक्टर राजस्व कीर्तिमान सिंह राठौर ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल का पहला दिन होने के कारण इसका असर राजस्व प्रकरणों पर नहीं पड़ा, लेकिन हड़ताल जारी रहेगी तो आगे कामकाज जरूर प्रभावित होगा।




### रजिस्ट्री पर आगामी दिनों में पड़ेगा असर

पटवारियों के हड़ताल के कारण रजिस्ट्री पर भी पड़ेगा। हालांकि पहला दिन होने के कारण इसका असर नहीं पड़ा। उप पंजीयक मंजुशा मिश्रा ने बताया कि पटवारियों के हड़ताल के कारण फिलहाल सप्ताहभर तक प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि रजिस्ट्री कराने वाले ऑनलाइन आवेदन कर टोकन ले चुके हैं, लेकिन आगामी दिनों में हड़ताल के कारण असर जरूर पड़ेगा। प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री से पहले कई दस्तावेजों को कम्प्लीट करने में पटवारियों की जरूरत पड़ती हैं। इन दस्तावेजों के बिना ऑनलाइन आवेदन भी नहीं हो पाएगा।

### रायपुर तहसील में दिखा कम असर

पटवारियों के हड़ताल का असर रायपुर तहसील कार्यालय में कम दिखा। अतिरिक्त तहसीलदार पवन कोसमा ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल के कारण सीमांकन, नामांतरण, नक्शा सुधार सहित अन्य कई काम जरूर नहीं हो पाए, लेकिन हड़ताल का पहला दिन होने के कारण इसका असर ज्यादा नहीं पड़ा। आम आदमी को पटवारियों की हड़ताल की खबर पहले से थी, इसलिए इससे संबंधित कामकाज कराने के लिए लोग भी तहसील कम पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि हड़ताल का पुराने प्रकरणों की सुनवाई पर नहीं पड़ा है। दिनभर तहसील कोर्ट में सुनवाई हुई है। हालांकि हड़ताल अगर आगे भी जारी रहेगी तो सुनवाई पर भी इसका असर पड़ेगा।

## घटना के दो दिन पूर्व विशाल रायपुर पहुंच गया था

# युवती की हत्या करने के बाद पुष्टि के लिए दो बार होटल के कमरे में आया था आरोपी

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गंज थाना क्षेत्र में दो दिनों पूर्व बेबीलॉन होटल में वाणी गोयल की हत्या कर विशाल गर्ग द्वारा खुदकुशी करने के मामले की पुलिस पड़ताल में जुटी हुई है। पूछताछ में पुलिस के सामने जो तथ्य सामने आए हैं, उसके मुताबिक विशाल के शनिवार शाम चार बजे के आसपास वाणी की हत्या करने की आशंका है। पुलिस को होटल से जो सीसीटीवी फूटेज मिला है, उसमें विशाल एक बार जिस ड्रेस में निकलता दिख रहा है, वापस आते समय उसका ड्रेस बदल गया था। इसी आधार पर पुलिस युवती की हत्या शाम चार बजे के आसपास होने की आशंका व्यक्त कर रही है।

गौरतलब है, बेबीलॉन होटल में पुलिस को वाणी की लाश सुबह 11 बजे मिली। युवती जिस कमरा 416 नंबर में रुकी थी, उस कमरा को खुलवाने पुलिस तथा मृतका के परिजनों को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। इस वजह से पुलिस को युवती की हत्या होने की जानकारी एक दिन देर से मिली। वाणी की हत्या शनिवार को कर दी गई थी।


### होटल के बाहर युवती के आने का इंतजार

विशाल शनिवार को दोपहर 12 से सवा 12 बजे के बीच होटल बेबीलॉन के पास पहुंचा और वह होटल के बाहर वाणी के आने का इंतजार करने लगा। वाणी डेढ़ बजे के करीब होटल पहुंची। इसके बाद वाणी और विशाल होटल के अंदर दाखिल हुए। पुलिस को दोनों के होटल के अंदर एक साथ दाखिल होने के जो सीसीटीवी फूटेज मिला है, वह दोपहर एक बजकर 40 मिनट का है।




### युवती ने ऑनलाइन कमरा बुक कराया था

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक वाणी ने ऑनलाइन पेमेंट कर होटल बुक कराया था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक वाणी, विशाल को पसंद नहीं करती थी। ऐसी स्थिति में होटल में वाणी ने क्यों कमरा बुक कराया, इस बात को लेकर पुलिस कई तरह के कयास लगा रही है।



### दो दिन पूर्व रायपुर पहुंचा

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक घटना दिनांक के दो दिन पूर्व विशाल रायपुर आ गया था। शिवानंद नगर में रहने वाली विशाल की दीदी को उसके आने की जानकारी नहीं थी। विशाल से उसकी दीदी ने रायपुर आने का कारण पूछा, तो विशाल ने अपने निजी काम से रायपुर आने की जानकारी अपनी दीदी को दी।

### भाई से कहा था कुछ करके आऊंगा

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पांच जुलाई को विशाल जब रायपुर के लिए निकला तो उसने अपने भाई से कहा था कि वह या तो वाणी को अपने साथ लेकर आएगा, वाणी को साथ नहीं ला पाने की स्थिति में कुछ करके लौटेगा। पुलिस के अनुसार वाणी को हासिल नहीं कर पाने की स्थिति में विशाल ने उसकी हत्या करने की नीयत से सूरजपुर से निकला था।

### पुष्टि करने दो बार होटल के रूम में गया

पुलिस के अनुसार होटल के रूम में दाखिल होने के बाद विशाल शाम चार बजे के करीब होटल से बाहर निकलता है और अपनी दीदी के घर पहुंचता है। वहां से वह 15 मिनट में ड्रेस बदलकर पुनः होटल पहुंचता है। होटल पहुंचने के बाद पुनः 10 मिनट के बाद होटल से बाहर निकल जाता है, 20 मिनट के बाद विशाल पुनः होटल पहुंचता है। पुलिस को आशंका है कि वाणी मरी है या नहीं, इस बात की पुष्टि करने विशाल दो बार होटल में कमरे के अंदर जाता है। युवती की मौत होने की पुष्टि होने के बाद विशाल दोबारा होटल नहीं आता है।

### चेहरे, हाथ में चोट के निशान

युवती के चेहरे तथा शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। पुलिस के अनुसार मारने के पहले विशाल तथा वाणी के बीच जमकर संघर्ष हुआ है। युवती ने शोर मचाने की कोशिश की। शोर मचाने पर विशाल ने युवती का मुंह दबाकर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। युवती के गले में चाकू के खरोंच के निशान भी मिले हैं।

# अब दो पालियों में शहर की सड़कों से मवेशी पकड़ेगी काऊकैचर की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम का काउकैचर दस्ता अब दो पाली में निगम क्षेत्र के प्रमुख व रिहाइशी इलाकों की सड़कों को मवेशियों के झुंड से सुरक्षित रखने धरपकड़ अभियान चलायेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से काउकेचर टीम को एक्टिव रखने निर्देश दिये हैं। इस कार्य की मानिटरिंग करने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को नोडल अधिकारी और उपायुक्त हेमशंकर देशलहरा तथा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है।

- निगम क्षेत्र की सड़कों को मवेशियों के झुंड से मुक्त कराने नोडल और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

रायपुर नगर निगम के 10 जोनों में अब जोन स्तर पर शहर की सड़कों पर यातायात बाधित कर रहे मवेशियों की धरपकड़ कर गोठान और कांजी हाउस भेजा जायेगा। कैटल केचमेंट क्षेत्र और सड़कों को मवेशियों से मुक्त करने निगम प्रशासन नियमित रूप से दो पालियों अभियान चलायेगा।

बारिश के सीजन में शहर की सड़कों पर मवेशियों के जमावड़ा होने और मवेशियों की धरपकड़ का अभियान धीमा होने से रोड एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है। पुरानी बस्ती, लाखेनगर, आमापारा, शास्त्री बाजार, मालवीय रोड, एमजी रोड, गोलबाजार, कुशालपुर, रिंग रोड सहित अन्य क्षेत्रों में खुले में मंडरा रहे मवेशियों के झुंड से शहरवासी त्रस्त रहे हैं। इस संबंध में भुक्तभोगी जोन दफ्तर से लेकर निगम मुख्यालय और निदान 1100 सहित निगम के चैटबोट नंबर पर शिकायत करते रहे हैं। इसके बावजूद मवेशियों की धरपकड़ में तेजी नहीं आने से लोग परेशान रहे।

# जीएम का सख्त निर्देश, विकास कार्य में विलंब नहीं करेंगे बर्दाश्त, फंड की कमी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेल की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने दो दिनों तक रेलवे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जीएम ने मंडल के उच्च अधिकारियों के साथ रेलकर्मियों को सेफ्टी में सतर्कता बरतने पर विशेष जोर दिया है। इसके अलावा अृमत भारत योजना के तहत स्टेशनों में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सख्त निर्देशित किया है कि तक समय पर कार्यों को पूरा करना है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा है कि फंड की कोई कमी नहीं है। किसी भी चीज की आवश्कता होने पर मांग की जाए। जीएम ने कांट्रेक्टरों से गुणवत्ता में लापरवाही करने वालों पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा है। जीएम के दौरे में मंडल का रेल अमला व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा रहा। स्टेशन में सभी को नियमों का पालन करने सख्त निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण में डीआरएम संजीव कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी व पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

- जीएम नीनु इटियेरा ने दो दिनों तक किया विकास कार्यों का निरीक्षण

### स्थानीय लोगों से की बातचीत

ताड़ोकी से रावघाट परियोजना का कार्य प्रगति पर है। महाप्रबंधक ने इस परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए दल्लीराजहरा, अंतागढ़, भिलाई व तड़ोकी स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया गया। दल्लीराजहरा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे री डेवलपमेंट काम का निरीक्षण किया उन्होंने कार्यों के ले-आउट प्लान का अवलोकन भी किया साथ ही छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, व्यापारी संघ व पार्षद सहित स्थानीय लोगों से मुलाकात की एवं ज्ञापन सौंपा।

दोनों महकमे के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने किया सर्वे

# आरडीए के 1200 करोड़ के आधा दर्जन प्रोजेक्ट को नगर निगम लेगा हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण के आधा दर्जन प्रोजेक्ट दशकभर बाद भी नगर निगम को हैंडओवर नहीं हो पाये। इसके कारण संबंधित कालोनियों के रहवासियों को नगर निगम से मूलभूत सुविधा मिलने में दिक्कत हो रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए आरडीए और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने संबंधित क्षेत्र के स्पॉट सर्वे का काम पूरा कर लिया है। इसमें प्राधिकरण द्वारा 1600 एकड़ में विकसित कौशिल्या विहार, इंद्रप्रस्थ रायपुरा में निर्मित 3500 फ्लैट और 300 मकान, बोरियाकला में बनाये गये 1800 आवास वाला प्रोजेक्ट और हीरापुर में रायपुर विकास प्राधिकरण निर्मित 800 बहुमंजिला फ्लैट वाली आवासयी कालोनी शामिल है।

- जोन 10 कमिश्नरी हेडआफिस को अब प्रपोजल बनाकर देगा

नगर निगम और रायपुर विकास प्राधिकरण के बीच 1200 करोड़ के आधा दर्जन फंसे हैं। आरडीए ने इन प्रोजेक्ट को अब तक रायपुर नगर निगम को हैंडओवर नहीं किया है। प्राधिकरण ने



इन आधा दर्जन प्रोजेक्ट को अब नगर निगम को सौंपने पूरी तैयारी कर रखी है। इसके लिए नगर निगम और रायपुर विकास प्राधिकरण के 4-4 अफसरों की संयुक्त समिति बनाई गई है। इस समिति ने कौशिल्या विहार के 15 सेक्टर और इंद्रप्रस्थ रायपुरा की आवासीय कालोनी का संयुक्त सर्वे का काम पूरा किया है। अधिकारियों की इस संबंध में बैठक होने के बाद नगर निगम जोन 10 कमिश्नरी आरडीए इन संबंधित कालोनियों में जाकर वहां के सड़क की स्थिति , स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था,उद्यानों की माली हालत, गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए स्थापित एसटीपी और रहवासी आवासों की मरम्मत में होने वाले खर्च को लेकर प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय को सौंपेगा।

### प्रोजेक्ट हैंडओवर को लेकर अधिकारियों का ये है कहना

#### प्रक्रिया में है ..

कौशिल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा सहित आधा दर्जन आवासीय कालोनी को नगरनिगम में हैंडओवर लेने प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए नगर निगम और आरडीए के अधिकारियों की संयुक्त समिति की बैठक हो गई है। जोन 10 इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर निगम मुख्यालय को सौंपने वाला है। इसके बाद इस पर निर्णय लिया जायेगा।

*- राजेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता नगर निगम और ज्वाइंट कमेटी के सदस्य*

#### हम तैयार हैं ..

नगर निगम रायपुर को हम अपने आधा दर्जन प्रोजेक्ट को हैंडओवर करने के लिए तैयार हैं। सभी प्रोजेक्ट का निरीक्षण कराया गया है, दोनों विभागों के बीच बैठक भी हो चुकी है।

*- अनिल गुप्ता, अधीक्षण अभियंता रायपुर विकास प्राधिकरण*

#### प्रस्ताव बना रहे

कौशिल्या विहार और इंद्रप्रस्थ रायपुरा के आवासीय कालोनी में स्ट्रीट लाइट की वर्तमान स्थिति, सड़क मरम्मत में होने वाले खर्च, उद्यान में होने वाले आवश्यक कार्य का स्थल पर आकलन कर प्रस्ताव बना रहे हैं। आरडीए से कितनी राशि लेना है, इसका डिमांड नोट तैयार कर दिया जायेगा। इसके बाद दोनों विभाग के अधिकारियों की एक बैठक और होगी। फिर एमआईसी की बैठक में प्रस्ताव मंजूरी के लिए जाएगा।

*- रमेश जायसवाल, जोन कमिश्नर, क्रमांक 10, ननि रायपुर*

## आदेश में कहा गया 15 दिन में नवीन पदस्थापना स्थल पर लें कार्यभार

# 58 नायब तहसीलदारों की तहसीलदार के पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने 58 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार के पद पर पदोन्नत करते हुए उन्हें जिले में पदस्थ किया है। राजस्व विभाग से जारी आदेश में कई को दूसरे जिलों में पदस्थ किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 15 दिन में नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने पर पदोन्नति आदेश स्वयंमेय निरस्त माना जाएगा। आदेश से प्रभावित होने वाले अधिकारियों में सतरूपा साहू गरियाबंद से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, भूपेश कुमार चंद्राकर कबीरधाम से धमतरी, वितेश कुमार देवांगन बलरामपुर-रामानुजगंज से गरियाचंद, कुणाल पांडेय मुंगेली से बस्तर, प्रीति शर्मा जांजगीर-चांपा से गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, शालिनी तिवारी जांजगीर-चांपा से जांजगीर-चांपा, सत्येन्द्र शुक्ल रायपुर से कांकेर, राहूल कुमार गुप्ता बालोद से दंतेवाड़ा, सुनील कुमार गुप्ता कोरबा से बलरामपुर-रामानुगंज, श्रीधर पंडा महासमुंद से सुकमा, रश्मि दुबे बालोद से कोण्डागांव, उमंग जैन सूरजपुर से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, किशन मिश्रा बलौदाबाजार-भाटापारा से दंतेवाड़ा, रवि विश्वकर्मा दुर्ग में यथावत, आस्था चंद्राकर रायगढ़ से जशपुर, राजश्री पाण्डेय बेमेतरा से कबीरधाम, नीलिमा अग्रवाल मनेन्द्रगढ़-धिरमिरी-भरतपुर से सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकिता पटेल सरगुजा में यथावत, अनुराधा पटेल सक्ती से रायगढ़, सोनू अग्रवाल विलासपुर में यथावत पदस्थ किया गया है। मयंक कुमार अग्रवाल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर से गरियाबंद, अमन चतुर्वेदी रायपुर से सरगुजा, पौरस वेनताल धमतरी से कांकेर, उमाकांत जायसवाल कांकेर से जांजगीर-चांपा, प्रियंका चंद्रा बलौदाबाजार-भाटापारा से कोरबा, हितेश कुमार साहू बिलासपुर से रायगढ़, सूरज बंछोर रायपुर से धमतरी, सृजन सोनकर दुर्ग से रायपुर, चंद्रशेखर चंद्राकर दुर्ग से बालोद, आकांक्षा साहू राजनांदगांव से सरगुजा, मनीषा देवांगन मनेन्द्रगढ़-विरमिरी भरतपुर से जशपुर, मनीष सूर्यवंशी जांजगीर-चांपा से सारंगढ-बिलाईगढ़, महेन्द्र कुमार रायगढ़ से जांजगीर-चांपा, अविनाश चौहान दुर्ग से जांजगीर-चांपा, ममता राधे जांजगीर-चांपा से सरगुजा, संदीप कुमार साय विलासपुर में यथावत, चंद्रकांत राही बेमेतरा से मुंगेली, आशीप कुमार देवहारी जशपुर से खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, महेश्वर उड़के कोरवा से जशपुर, किशोर कुमार वर्मा महासमुंद से बलौदाबाजार-भाटापारा, कृष्णमूर्ति दीवान बिलासपुर से जशपुर, अभिजीत राजभानू सक्ती से कोरवा, लक्ष्मण कुमार राठिया कोरबा से बीजापुर, अखिलेश कुमार (निःशक्त) बेमेतरा से धमतरी, लीलाधर चंद्रा (निःशक्त) बिलासपुर से दंतेवाड़ा, शिवनारायण राठिया सूरजपुर में यथावत, कैलाश पोयाम धमतरी से बस्तर, मोहित कुमार साहू सक्ती से कांकेर और सौरभ चौरसिया को दुर्ग से नारायणपुर पदस्थ किया गया है। मनोज कुमार पैकरा बलरामपुर-रामानुजगंज को यथावत, अवनाश कुजूर नारायणपुर से गौरेला-पेड्रा-मरवाही, अखिलेश कुमार ध्रुव बस्तर से नारायणपुर, डिपंल ध्रुव कबीरधाम से गरियाबंद, संगिता नाग कोरिया से सरगुजा, ऋतुराज सिंह बलरामपुर-रामानुजगंज से जशपुर, जागेश्वरी पोयाम धमतरी से बस्तर, श्रुति ध्रुर्वे मुंगेली से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और पूनम रश्मि तिग्गा को जशपुर से बलरामपुर-रामानुजगंज पदस्थ किया गया है।

आयोग की सिफारिश पर 16वें वित्त आयोग से मिलेगी राशि

# वित्त आयोग आज आएगा, रायपुर के बाद जगदलपुर भी जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल 10 जुलाई की शाम राजधानी रायपुर पहुंच रहा है। यह दल 11 तारीख को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रिमण्डल के सदस्यों और अधिकारियों के साथ राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास तथा आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगा। वित्त आयोग 12 एवं 13 जुलाई को जगदलपुर भ्रमण पर भी रहेगा।

केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री पनगढ़िया के साथ आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज कुमार पाण्डा, डॉ. सौम्य कांति घोष तथा आयोग के सचिव ऋत्विक रंजनम पाण्डेय, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारी भी रायपुर पहुंचेंगे।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में संचालक कोष लेखा एवं पेंशन एवं नोडल अधिकारी 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग महादेव कावरे, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार, रायपुर कलेक्टर गौरव कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, रायपुर नगर निगम के आयुक्त अविनाश मिश्रा, संचालक जनसम्पर्क अजय अग्रवाल सहित नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सीएसआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जानकार सूत्रों के अनुसार प्रवास के दौरान आयोग यहां सरकार के साथ चर्चा करने के साथ ही पंचायत, नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा। इसके साथ ही उद्योग एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत का कार्यक्रम है। आयोग नवा रायपुर का भ्रमण करने के साथ ही बस्तर भी जाएगा। राज्य के प्रवास से लौटने के बाद आयोग अपनी रिपोर्ट में यह अनुशंसा करेगा कि राज्य को 16वें वित्त आयोग से कितनी राशि दी जानी है केन्द्रीय वित्त आयोग के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर वित्त सचिव मुकेश बंसल ने होटल मेफेयर में तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की हुई घोषणा

**अंडा।** दुर्ग जिला निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ के नवीन पद की नियुक्ति की गई है। जिला निषाद समाज के अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद ने समाज को एक नया दिशा के उद्देश्य को नेतृत्व एवं परिक्षेत्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार वीरेंद्र निषाद की अनुशंसा पर दुर्ग जिला निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को संगठन में संशोधन कर व नवीन पद पर नियुक्त किया गया है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भीम सिंह निषाद आलबरस निवासी, कोषाध्यक्ष विनोद निषाद पुलगांव दुर्ग, सहा सचिव कोमल निषाद तितुघाट धमधा, सहा सचिव दानेश्वर निषाद शिपकोना पाटन, प्रचार सचिव दुर्गेश निषाद रानीतराई। इन सभी पदाधिकारी को जिला युवा प्रकोष्ठ निषाद समाज जिला अध्यक्ष वीरेंद्र निषाद द्वारा नियुक्त किया गया है। संतोषी निषाद बुधरुराम निषाद ओमप्रकाश निषाद खिलावन निषाद संतोष जलतरे रमाअधीन निषाद मलेश निषाद देवनाथ निषाद हेमलता निषाद सुमन निषाद धनवंती निषाद केसर निषाद हेमबंती निषाद सियाराम निषाद वरुण निषाद जोगेंद्र निषाद ढालेश्वर निषाद सोमनाथ निषाद सुदामा निषाद टिकेश्वर निषाद खुमान निषाद सभी पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### तंबाकू के दुष्परिणाम बताने करें व्यापक प्रचार : चंद्रवाल

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण हेतु आम जनता को तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।
इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने कोटपा एक्ट 2003 के तहत की गई कार्रवाई, जिले में तम्बाकू मुक्ति केंद्र का संचालन आदि की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले के शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्रों में आम नागरिकों एवं बच्चों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए शिविर लगाने के भी निर्देश दिए।

## निधन

### तातू राम गंजीर



**गुरूर।** ग्राम सोहपुर निवासी तातू राम गंजीर का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे उत्तम गंजीर एवं होमेंद्र गंजीर के पिता थे।

### कमलेश कुमार साहू



**जामगांव आर।** ग्राम औरी निवासी अर्जुन्दा थाना उपनिरीक्षक कमलेश कुमार साहू का मंगलवार को निधन हो गया। वे जीतेश कुमार सोमदत्त साहू के पिता थे। उनका औरी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी मित्र, गणमान्य ग्रामीण शामिल हुए।

# खोलझर में धान खरीदी केंद्र खुलवाने की मांग, कलेक्टर से मिले ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौडीलोहारा ब्लॉक स्थित ग्राम खोलझर में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग लेकर ग्रामीण व किसान कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे थे।

मिली जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भर्वरमरा के उपार्जन केन्द्र भंवरमरा में 15 राजस्व ग्राम आते हैं जहाँ पर ग्राम खोलझर, नलपानी, भिमदो, लुरकाझर एवं बुल्लुटोला वर्तमान में सेवा सहकारी समिति भर्वरमरा में धान बेचने जाते हैं। जो उपार्जन केंद्र से लगभग 10 कि. मी. की दूरी पर स्थित है चूंकि धान विक्रय केन्द्र पहुंचने का मार्ग दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आवागमन में बहुत परेशानी होती है तथा भंवरमरा खरीदी केन्द्र बड़ी समिति होने के कारण पंजीकृत किसानों की संख्या सर्वाधिक है जिस वजह से समय सीमा के अनुसार किसानो को धान बेचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वहीं उपार्जन केंद्र से कृषक जो धान बेचकर घर जाने के समय कभी शाम तथा कई बार रात्रि तक हो जाती है। उस वक्त घर पहुंचने में रास्ता जंगल पहाड़ी होने के कारण बड़ी असुविधा होती है।



### 5 गावों के लगभग 460 किसानों को मिलेगी सुविधा

ग्रामीणों की मांग है कि एक अन्य उपार्जन केन्द्र ग्राम खोलक्षर में खोला जाए, जिसके तहत पांच गावों के लगभग 460 किसानों के 650 हे. रकबा में अनुमानित मात्र 34000 क्विंटल धान खरीदी की जा सकती है। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा धान खरीदी केन्द्र के लिए लगभग 1.49 हे. जमीन सहकारी खाद गोदाम के पास सुरक्षित रखा गया है। इसके लिए उपरोक्त सभी ग्राम के कृषक अपनी सहमति प्रदान की है। वहीं, ग्रामीणों की मांग है कि सत्र 2024-25 से ग्राम खोलझर में धान खरीदी उपकेन्द्र खोला जाए।

### कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर चंद्रवाल ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# किसी ने मांगा रोजगार, किसी ने मांगी पेंशन, समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आवेदक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर चन्द्रवाल से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर ने उन सब से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर प्रतिमा ठाकरे झा एवं अन्य अधिकारियों ने आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को उसके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



जनदर्शन में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सोनझर निवासी राम दर्रो ने ग्राम सोनझर में धान खरीदी केन्द्र खोलने तथा वार्ड नंबर 10 गुण्डरदेही निवासी मनोज कुमार ने अपने ग्राम के शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग की। गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पेण्ड्री निवासी गजानंद साहू ने सामाजिक पेंशन दिलाने तथा ग्राम लिमोरा निवासी चंद्रहास साहू ने अपने गांव में सीसी रोड निर्माण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम डंगनिया परसौद निवासी दिव्यांग दूरपत बाई साहू ने कृत्रिम पैर प्रदान करने की मांग की। ग्राम पेण्ड्री के युगल किशोर साहू ने अपने गांव के शासकीय जमीन से अवैध कब्जा हटाने की मांग की। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम घुमका निवासी निर्मल कुमार एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम खरथुली निवासी राजकुमार ने रोजगार दिलाने की मांग की।



# टीबी के मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं व दवाओं पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टोरेट के सभागृह में कलेक्टर की अध्यक्षयता में राष्ट्रीय क्षय उन्नमूलन कार्यक्रम के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट टीबी इलीमेनेशन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट टीबी इलीमेनेशन टास्क फोर्स समिति के सदस्यगण व स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके. सूर्यवंशी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधिक्षक डॉ. आरके. श्रीमाली उपस्थित थे। उक्त बैठक में जिला टीबी एलिमिनेशन टास्क फोर्स समिति के सभी सदस्यगण व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एम के सूर्यवंशी, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर आर के श्रीमाली, जिला क्षय अधिकारी डॉक्टर संजीव ग्लैड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, राज्य प्रतिनिधि फैसल रजा खान, चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र सिंह, समस्त एनईटीपी स्टाफ तथा पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे, बैठक में जिले में उपचाररत मरीजों को दी जाने वाली सुविधाएं जांच व निःशुल्क दवाइयां को लेकर चर्चा की गई। साथ ही टीबी मुक्त पंचायत बनाने हेतु कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

### टीबी चैम्पियन हुए शामिल

बैठक में कलेक्टर ने ग्रामसभा की बैठकों में टीबी जागरूकता को एजेंडा के रूप में शामिल करने के निर्देश दिए। टीबी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत समाज के सम्माननीय जन द्वारा निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार दिलवाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में बालोद जिले के टीबी चैम्पियन उपस्थित रहे, जो कि विगत वर्षों से टीबी के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसके साथ ही टीबी से ग्रसित व्यक्तियों को भावनात्मक सहयोग प्रदान कर रहे हैं, ताकि सामाजिक भेदभाव को दूर किया जा सके।

# निर्धारित समय पर करें लंबित प्रकरणों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।

- समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

बैठक में उन्होंने निर्धारित समयावधि में लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने आम जनता के माँगों एवं समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा, ताकि उन्हें शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ भी मिल सके।

बैठक में चन्द्रवाल ने विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यपालन अभियंता सहारे को ट्रांसफॉर्मरों को व्यवस्थित करने तथा उसका देख-रेख एवं रखरखाव की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। जिले के छात्रवास, आश्रमों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से जिले में माँग एवं आवश्यकता के अनुरूप कन्या छात्रवासों की सीट बढ़ाने हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को इसके लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने जिले के स्कूलों में निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन अभियंताओं को प्रगतिरत कार्यों को पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने मौजूदा मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले के सहकारी समितियों में खाद, बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को खाद, बीज की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिससे की किसानों को खाद, बीज का प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

### शीघ्र पूर्ण करें भर्ती प्रक्रिया

चन्द्रवाल ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास से महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भर्ती की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने 22 जुलाई से 26 जुलाई तक आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्यालय में निवास करने तथा बिना उनकी अनुमति के अवकाश पर नही जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अंतर विभागीय समन्वय के प्रकरणों की भी समीक्षा की।

# बिजली दरों में वृद्धि का कांग्रेस ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौडीलोहारा

नगर कांग्रेस भवन में सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अघोषित बिजली कटौती व बिजली के दामों में की गई वृद्धि के खिलाफ प्रदेश की बीजेपी शासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। उक्त अवसर पर धरना प्रदर्शन प्रभारी यज्ञदेव पटेल,विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा व प्रदेश महामंत्री खेल व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ मनोज बोथरा विशेष रूप से उपस्थित थे।

- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

धरना प्रदर्शन में कांग्रेस जनों ने बीजेपी शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री हस्तीमल सांखला ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से आम जनमानस सहित किसान वर्ग त्रस्त है।प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा ने कहा कि छग में शासन प्रशासन नाम की कोई चीज नही रही है कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। ब्लाक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने कहा कि छग में डबल इंजन की सरकार फेल हो चुकी है विद्यार्थी किसान गृहिणी सहित आमजन जीवन बिजली कटौती व बिजली के दामों में वृद्धि से हलाकान है।



### उग्र आंदोलन की चेतावनी

ब्लॉक महामंत्री मेघनाथ साहू ने कहा कि अघोषित बिजली कटौती बंद नही होने की दशा में उग्र आंदोलन किया जाएगा।जन सदस्य माधव गिरी गोस्वामी व राजाराम तारम ने कहा कि कृषि कार्य के समय मे अघोषित बिजली कटौती से किसान वर्ग काफी परेशान हो रहे हैं।दामेश्वर देशमुख, हेमलाल प्रजापति झुमुक परसाई ने कहा कि सरप्लस बिजली वाले राज्य में बिजली कटौती व बिजली के दामों में बढ़ोतरी छग के निवासियों के साथ घोर अन्याय है। लोकनाथ निषाद,कैलाश बारले, सागर तारम,उत्तम ठाकुर, देव राणा,आदि ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर नप अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू,उत्तम ठाकुर, शेख फरीद सिद्दीकी, विकास लोढा, राजेन्द्र निषाद,झुमुक कोसमा, लक्ष्मी भोयर,कमल नारायण, थान सिंग रावटे,मो सद्दाक खान,लोकेंद्र देशमुख,मो इशाक खान, बलराम चंद्राकर, चुम्मन सिंह भंडारी,देवकुमार राणा,रवि साहू,चंद्रशेखर चुरेन्द्र, तोरण लाल किरसान,तारम सिंह राकेश सांखला,कमलेश सिंग टांक,प्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# माता कर्मा कालेज में एनएसएस के स्वयं सेवकों ने लगाए पौधे

**गुण्डरदेही।** माता कर्मा महाविद्यालय गुण्डरदेही में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।




इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एमएल.देशमुख, जिला संगठक बालोद (रासेयो.) डॉ.लीना साहू, सा.प्रा.डॉ.आशा रानी दिल्लीवार, किरण साहू, घनश्याम साहू, कांक्षी लता साहू, कार्यक्रम अधिकारी डिगेंद्र कुमार साहू, छात्र कुणाल, कोमल, टिकेंद्र, रोशन, अजय, आगेश्वर, विक्की, नीरज राज, कुमकुम, प्रेरणा, गीतांजलि, छाया, मेघा, पल्लवी सहित महाविद्यालय के स्टाप व छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

### रमतरा में श्री राधा-कृष्ण मंदिर का हुआ लोकार्पण

**गुरूर।** ग्राम रमतरा में कोसरिया यादव समाज द्वारा ग्रामवासी के सहयोग से राधा कृष्ण एवं मंदिर का लोकार्पण किया गया। पंडित चौतन्य पाण्डेय ने मंत्रोच्चार के बीच ग्राम के वयोवृद्ध यादव समाज के सियान ने लोकार्पण किया। यादव समाज की ओर से सभी लोगों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया था। रात्रि 8 बजे यादव समाज की ओर से श्री राम राग रामायण एवं भजन संध्या परिवार के राजेश कश्यप, रिखी राम मोटघरे, दिलीप दास, हेमन्त साहू, का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि करहीभदर सरपंच लीला राम डडसेना थे। अध्यक्षता कारीबदरिया के संचालक युगल किशोर साहू थे। पुरानिक साहू, दुलार साहू, शिक्षक कुशल किशोर, गिरधारी हिरवानी, पूर्व सरपंच नारायण साहू के आतिथ्य मे मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जगन्नाथ यादव, तारण यादव, डिगेश्वर यादव, चमन टण्डन, बिन्दु यादव, अंबिका यादव, सुलोचना यादव, टेमीन यादव, हीरा राम यादव, घना राम यादव, दौलत राम यादव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।




# विद्यालय में किया गया पौधारोपण, निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

एक पेड़ मां के नाम इस थीम पर शासन के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। वृक्षारोपण के कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा एक रैली निकाली गई जिसमें उन्होंने पेड़ लगाएंगे पर्यावरण बचाएंगे के नारे के साथ गांव वालों को वृक्षारोपण हेतु जागरूक किया फिर जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया इसके पश्चात विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि वह इन पौधों को रोपने के पश्चात फलदायी या छायादार वृक्ष बनते तक उनकी देखभाल करेंगे और साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम की अवधि एक सप्ताह रखी गई है जिसमें नीम करंज गुलमोहर इत्यादि छायेदार फलदार औषधि युक्त पौधों को रोपने कहा गया है। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच चंद्रभान सारथी उपसरपंच चंद्र कुमार चंद्रा विधायक प्रतिनिधि आकाश चंद्राकर जगदीश दीपक राधेलाल साहू मलेश निषाद शामिल हुए शाला के प्राचार्य नीलमणि उजवने के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम की प्रभारी यूथ इको क्लब प्रभारी डॉक्टर सरोज साहू रही इस अवसर पर शाला के समस्त व्याख्याता भवानी सिंह देशमुख शीला चंद्रा डॉ रूपमती साहू दानेश्वरी सिन्हा प्रीतम देवांगन वेदिका साहू रीना पिलोदिया हर्षा महलवार प्रीति सलाम समीर भेलवा वीरेंद्र गजपाल टी एन साहू सुनील डडसेना मिडिल एच एम सुधा राय एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।







## खबर संक्षेप



### परिक्षेत्रीय साहू समाज के अध्यक्ष बने शंकर

**दल्लीराजहरा।** परिक्षेत्रीय साहू समाज चिखलाकसा का गठन किया गया। सर्व सहमति से शंकर साहू को अध्यक्ष एवं दीनदयाल साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। सुशील साहू को युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोनीत किया गया। तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने गठन पश्चात कहा कि गठन से समाज के लोगों को सामाजिक गतिविधियों के विषय में जानकारी मिलेगी, रीति रिवाज, नियमावली, के विषय में जानकारी दी। उक्त अवसर पर संरक्षक मोहन लाल साहू, संगीता साहू, सुखमणी साहू, साधना साहू, मीना, तोरण, विजय, सुरेश, राकेश, दीपक, दुर्गश, अमीरात सहित साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

### एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में करुणा प्रथम

**डौंडीलोहारा।** एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा जिला बालोद ,विकास खंड डौंडीलोहारा के



शासकीय प्राथमिक शाला रानाखुज्जी से करुणा चुरेंद्र ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य आर के इंदौरिया, संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया, प्रधान पाठक बलराम सोनकर, शिक्षिका रंजीत देवांगन , नीता मानिकपुरी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गीता साहू,कौशिल्या साहू ,सरपंच पोषण बाई तारम ने बधाई दी है। करुणा चुरेंद्र के पिता ईश्वरी कुमार चुरेंद्र शासकीय प्राथमिक शाला साल्हे संकुल राधोनवागांव मे पदस्थ थे, जिनका 7 जुलाई को निधन हो गया। उनकी बिटिया ने आज शाला परिवार, संकुल, ब्लॉक के साथ साथ जिला में नाम रौशन किया है, जिसे पूरे संकुल परिवार सहित सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की छात्राएं धमतरी रवाना

**दुर्ग।** केंद्रीय विद्यालय धमतरी में आयोजित संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की छात्राएं आज रवाना हुई । केंद्रीय विद्यालय दुर्ग एवं केंद्रीय विद्यालय चरोदा की छात्राओं को प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने आशीर्वाद देकर विदा किया। उल्लेखनीय है कि, संभाग स्तरीय यह प्रतियोगिता 9 जुलाई से 11 जुलाई तक चलेगी । यह छात्र अंडर 14 टीम के सदस्य हैं। संभाग स्तर पर विजेता टीम तथा उसके सदस्य राष्ट्रीय स्तर पर चुनी गई टीम हिस्सा होंगे। इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने वंदनी साहू मैडम को केंद्रीय विद्यालय धमतरी के लिए सिंदूर का पौधा सौंपा। उन्होंने कहा-खेल भावना व्यक्ति को मानसिक तौर पर मजबूत बनाती है। खिलाड़ी कभी हारता नहीं है। खिलाड़ी की हर हार उसे जीत की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक कमल नारायण सोनी एवं अभिभावक गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि संभागीय खेल में केवी दुर्ग एवं चरोदा के 24 छात्र भाग ले रहे हैं। इन छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन बंदिनी साहू शालू भट्ट एवं अंकिता शुक्ला करेंगी।

### जनदर्शन में पेंशन नहीं मिलने की शिकायत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 171 आवेदन प्राप्त हुए। खुर्सीपार निवासी वर्ल्डे पैरा आर्म रेसलिंग चौम्पियनशीप में भाग लेने फंड की मांग की। उक्त चौम्पियनशीप का आयोजन यूरोप में अगस्त माह में होने वाला है। इसके पहले महाराष्ट्र एवं मथुरा में आयोजित नेशनल एंड पैरा आर्म रेसलिंग चौम्पियनशीप में गोल्ड मैडल प्राप्त कर चुकी है। इस वर्ष भी चौम्पियनशीप में भाग लेना चाहती है, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बजट वहन करने में असमर्थ है।

**आयोजन : तिलक लगाकर किया गया बच्चों का स्वागत, पाठ्यपुस्तक वितरित**

# स्वामी आत्मानंद स्कूल अर्जुंदा में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा



स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श भारती इंग्लिश मीडियम स्कूल अर्जुंदा में शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने पहली, छठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिला कर उनका स्वागत किया।

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों को पाठ्य पुस्तक का वितरण भी किया गया। इस दौरान विधायक ने बच्चों को अपने मार्गदर्शन से संस्कारवान बनाने वाले सभी शिक्षकों का भी अभिनंदन किए। विधायक ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम और हिन्दी माध्यम स्कूल शुरू किए गए हैं। इन विद्यालयों की लोकप्रियता निजी स्कूलों से भी कहीं बेहतर है। हमारी सरकार ने बच्चों को अंग्रेजी भाषा सीखाने पर विशेष ध्यान दिया है, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पूरे आत्मविश्वास के साथ खड़े हो सके। आगे बढ़ने की उम्मीद के साथ अपने सपनों को साथ लिए मेहनत कर रहे इन बच्चों से उम्मीदे सभी को होती है, सरकार और अभिभावकों की एक बड़ी जिम्मेदारी होती है कि इन बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा चंद्रहास देवांगन, उपाध्यक्ष सुषमा चंद्राकर, अमरचंद जैन, अभय बाफना, नरेश यदु, अनुभव शर्मा, सागर साहू, तहसीलदार, प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## बिजली की दर में वृद्धि का विरोध कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- दल्लीराजहरा में कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा बिजली बिल में की गई वृद्धि के विरोध में सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दरों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। इसके साथ ही कहा कि अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता व किसान परेशान है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के द्वारा एसडीएम कार्यालय के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पूरे समय राज्य में बिजली नहीं दे पा रही है। ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ता को लूटने की तैयारी भाजपा सरकार कर रही है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के 6 माह के भीतर ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है। आम जनता एवं किसानों पर बिजली कटौती और बिजली के दामों में बढ़ोतरी से आर्थिक नुकसान एवं किसानी कार्य में रुकावट हो रही है।

## खैरीडीह में शाला प्रबंधन समिति ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला खैरीडीह में शाला प्रबंधन समिति के द्वारा सभी बच्चों को खीर व पूड़ी परोसा गया। संस्था प्रमुख डी.साहू ने न्योता भोजन पर कहा कि स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन यह विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परंपरा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों पर त्योहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते हैं, यह पूरी तरह स्वैच्छिक है समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। न्योता भोज कराने में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल ठाकुर, उपाध्यक्ष निर्जला कृषाण, उप सरपंच श्री राम चरण मानकर, मेघनाथ कृषाण, कुलदीप सिन्हा, दानेश्वर कुमार देवांगन, उत्तम कोठारी, चंपालाल ठाकुर, वरणदास, जागेश्वरी भूआर्य, सुनीता कोठारी, हेमलता रावटे,ओमीन बाई सत्यवती सिन्हा विद्यालय की तीनों शिक्षिका डी.साहू, जे केकती, डी ठाकुर उपस्थित रहे।





### समाजसेवी डालचंद ने स्कूली बच्चों को दिया न्योता भोज

बालोद। अर्जुंदा क्षेत्र के ग्राम घीना निवासी समाजसेवी डालचंद जैन ने अपने जन्मदिन पर सोमवार को गांव के तीनों स्कूल प्राइमरी, मिडिल और हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एमएल ठाकुर ने कहा कि समय-समय पर डालचंद जैन द्वारा बच्चों को शिक्षा के प्रति मार्गदर्शन के साथ शाला विकास में योगदान दिया जाता रहा है। बता दें कि समाजसेवी डालचंद जैन ने विगत दिनों अपनी पोती के जन्मदिन पर राहगीरों को हेलमेट का वितरण किया था। इस अवसर पर नरेंद्र निषाद, लगन तारम, रूप सिंह रावटे सहित समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

### कुर्मीपारा स्कूल में हुआ न्योता भोज

**बालोद।** शहर के शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक 1 कुर्मीपारा स्कूल में न्यौता भोज का आयोजित किया गया। नए शिक्षण सत्र शुरू होने के बाद से स्कूलों में लगातार न्यौता भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां लोग अपने बर्थडे, शादी सालगिरह या अन्य कई तरह के खुशी के मौके पर स्कूली बच्चों को न्यौता भोज कराते हैं, जहां विभिन्न तरह के व्यंजन और मिठाईयां स्कूली बच्चों को परोसा गया। मंगलवार को स्कूल के हेडमास्टर एनएच नूरानी ने अपने स्वर्गीय माता पिता की याद में स्कूल के बच्चों को न्यौता भोज कराया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ प्रांतीय सचिव छ.ग. लिपिक वर्ग सह.कर्मचारी संघ एवं मध्याह्न भोजन प्रभारी रजनी वैष्णव भी मौजूद रहीं।



## कृषि स्नातक छात्रों ने कमकापार वाटरशेड योजना में लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दुर्ग के कृषि स्नातक छात्रों ने कमकापार वाटरशेड योजना में प्रशिक्षण लिया। नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से रुरल डेवेलपमेंट द्वारा ग्राम कमकापार, टेकापार, डौंडी लोहारा में जलग्रहण योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत मिट्टी एवं जल संरक्षण के साथ जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

उपरोक्त परियोजना की सफलता को देखने समझने के लिए विश्वविधालय से कृषि स्नातक के 50 छात्रों का एक दल परियोजना क्षेत्र में पहुंचा। संस्था के सचिव एसके. खरे ने छात्रों को जलग्रहण योजना के सिद्धांतों की जानकारी देते हुये बनाए गई संरचनाओं की विस्तृत जानकारी दी। संस्था के कृषि इंजीनियर सौरभ दास ने सभी संरचनाओं की तकनीकी जानकारी प्रदान की।

संस्था द्वारा संचालित जलवायु परिवर्तन रिसोर्स सेंटर में स्व सहायता समूह द्वारा बनाए जाने वाले जैविक कीटनाशकों एवं जैविक खाद निर्माण पर प्रशिक्षण दिया गया। सतेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा योजना के अंतर्गत आजीविका विकास की गतिविधियों की जानकारी दी एवं वनोत्पाद से संबन्धित उत्पादों को भी दिखाया।

## एसडीएम शीतल व डीसी तरूणा का हुआ स्थानांतरण, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



एसडीएम बालोद शीतल बंसल के संयुक्त कलेक्टर के पद पर जिला राजनांदगांव एवं डिप्टी कलेक्टर तरूणा साहू का अवर सचिव के पद पर महानदी भवन मंत्रालय रायपुर में स्थानांतरण होने पर सर्किट हाउस में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने शीतल बंसल को कार्य के प्रति समर्पित एवं निष्ठावान अधिकारी बताते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने डिप्टी कलेक्टर तरूणा साहू के कार्यों एवं व्यवहार की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने शीतल बंसल को एक योग्य एवं कुशल प्रशासनिक अधिकारी बताया। उन्होंने कहा कि शीतल बंसल एवं तरूणा साहू अपने नये कर्मक्षेत्र में भी उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य का प्रदर्शन करेंगे। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने शीतल बंसल एवं तरूणा साहू को अपने कार्य के प्रति सजग एवं समर्पित अधिकारी बताया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने भी शीतल बंसल एवं तरूणा साहू के कार्यों का स्मरण करते हुए उन्हें बेहतरीन प्रशासनिक अधिकारी बताया।

## शाला नायक चुने गए तेजप्रकाश, पुष्कर उपशाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ छात्र संघ का गठन



नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को छात्र संघ का गठन प्रत्यक्ष मतदान पद्धति के माध्यम से कराकर बच्चों को भारतीय मतदान प्रक्रिया से अवगत कराया गया ।विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लूणकरण ठाकुर के निर्देशन व विद्यालयीन शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों का चयन विभिन्न प्रभारों के लिए किया गया। जिसमे शाला नायक तेजप्रकाश पटेल बारहवीं विज्ञान, उपशाला नायक पुष्कर तामुरिया बारहवीं वाणिज्य, क्रीड़ा सचिव जितेंद्र, उपसचिव मेघा निषाद, हेमचंद, सांस्कृतिक सचिव टोमेश्वरी, उपसचिव राधिका बघेल, विज्ञान सचिव गीतांजली निषाद, उपसचिव देविका पटेल, पर्यावरण सचिव देवेंद्र पटेल, उपसचिव सुमन पटेल, अनुशासन सचिव नवीन सिन्हा,उपसचिव सोलिहा सिद्दीकी, स्वास्थ्य सचिव सुकृति कोलियारे, उपसचिव उज्जवल खत्री, स्वच्छता सचिव प्रतीक साहू , उपसचिव कुणाल देशमुख , रेडक्रॉस सचिव प्रियंका मंडावी, उपसचिव चेतना लाटेंद्र, स्काउट गाइड सचिव मनीष कुमार, उपसचिव द्रौपति प्रजापति, युवा क्लब अध्यक्ष दिव्या कौमार्य, सचिव संजना सिन्हा, योग प्रभारी रोशनी शर्मा, भावना खरे, कक्षा नायक व उपनायक बारहवीं कला मनीष यादव,सोलीहा सिद्दीकी, बारहवीं विज्ञान लवकिशोर बर्सेल, रोशनी शर्मा ,बारहवीं वाणिज्य मनीष कुमार , छायारानी, ग्यारहवी कला उज्जवल खत्री, शीतल विश्वकर्मा, ग्यारहवी विज्ञान प्रतिभा चनाप, भूमिका साहू, ग्यारहवीं वाणिज्य लक्ष्य कुमार, नीलम भेड़िया, दसवीं अ चिरंजीव साहू, लालसा राणा , दसवीं ब लेहान तामुरिया, यामिनी देवांगन, नवमी अ मयंक कुमार, गोविता साहू, नवमी ब, विवेक सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, नवमी स, तुमेश कुमार, नेहा ठाकुर का चयन किया गया। सभी पदाधिकारियों को व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम के द्वारा कर्तव्यनिष्ठा, पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। व्याख्याता अविनाश कुमार साहू द्वारा बच्चों को छात्र जीवन में अनुशासन के महत्व को बतलाते हुए सभी शिक्षकों की ओर से सभी नवीन पदाधारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित गया। तत्पश्चात सभी बच्चों द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करके उसके सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।

**स्वामी आत्मानंद स्कूल में कार्यशाला का किया गया आयोजन**

# विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अधिकारियों ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी और उन्हें विभिन्न नियमों के प्रति जागरूक किया।

छात्रों को बताया कि ओवरस्पीड, बाईक पर स्टंट करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना, ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना आदि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण है।

अधिकारियों ने हेलमेट, सीट बेल्ट, इंडिकेटर, हॉर्न, शहर में दुर्घटना होने पर 108 पर कॉल तथा नेशनल हाइवे पर दुर्घटना होने पर 1033 पर कॉल कर एंबुलेंस को सूचित करने की जानकारी दी। साथ में यह भी बताया गया कि अब पुलिस के द्वारा नेक नागरिक को थाने में बुलाकर परेशान नही किया जाता है। अगर वे स्वयं जाना चाहे तो ही जा सकते है। कार्यक्रम में दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा राशि के बारे में तथा ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने पर लगने वाले जुर्माने के बारे में भी बताया गया। बच्चों को यह भी समझाया गया कि 18 साल होने के पहले और बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन नहीं चलाए। अगर वाहन चलाते पकड़े गए तो पच्चीस हजार और उनके अभिभावकों को 6 महीने की जेल तक हो सकती है। बच्चों को अपने परिवार, दोस्तों और आस पड़ोस के लोगों को भी यह जानकारी देने को कहा गया। मौके पर प्राचार्य अरुण कुमार साहू, शिक्षक रोमेन्द्र देवांगन एवं पंकज सोनी उपस्थित रहे।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 12 को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा जिले में नियोजकों द्वारा उपलब्ध 63 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 12 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक एनआईआईटी प्राईवेट लिमिटेड स्मृति नगर भिलाई द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर के 20, ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर के 10, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पदों पर भर्ती की जाएगी।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, [illegible], मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है